## सार-समाचार

### मां शाकंभरी की चुनड़ी में बूटियां लगाई

**उदयपुरवाटी ।** कस्बे सहित इलाके में जगह-जगह महिलाओं ने मंगल गीत गाकर मां शाकंभरी की चुनड़ी में बूटियां लगाई मां शाकंभरी के प्राकट्यय महोत्सव की तैयारीयों को लेकर मूलचंद सैनी ने बताया की 13 जनवरी को उदयपुरवाटी से शाकंभरी सकराय धाम तक निकाली जाने वाली चुनड़ी पद यात्रा में कई जगह से श्रद्धालु भाग लेंगे गणपति मैरिज गार्डन में कीर्तन, माता का मंगल पाठ एवं प्रसादी का आयोजन किया जाएगा और मैरिज गार्डन से चुनड़ी पदयात्रा शाकंभरी सकराय धाम के लिए रवाना होगी धार्मिक एवं सामाजिक संस्था शाकंभरी कुटुंब की ओर से मां शाकंभरी के प्राकट्यय महोत्सव को लेकर चुनरी पदयात्रा की तैयारी चल रही है।श्रद्धालु नाचते गाते मैया के दरबार में पहुंचेंगे। पदयात्रा में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं द्वारा चुनड़ी को मां के दरबार में अर्पित करेंगे इस दौरान लक्ष्मी देवी, मंजू देवी , सुमन देवी, सुनीता शर्मा सहित कई महिलाएं मौजूद रही ।

### भारतीय किसान संघ की मासिक बेठक

**नोहर** (निसं.)। यहां भारतीय किसान संघ शाखा नोहर की मासिक बैठक राजेंद्र सिहाग की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में किसानों की विभिन्न समस्याओं के निस्तारण का प्रस्ताव पारित कर जिला शाखा और राज्य शाखा को भेजे गए। बैठक में क्षेत्र में बढ़ रही नशावर्ती पर और क्षेत्र में बढ़ रही चोरियों पर गहरी चिंता व्यक्त की गई और क्षेत्र में बढ़ रहे नशावर्ती पर रोक लगाने शराब की जगह-जगह खुली अवैध ब्रांचो को बंद करने और किसानों की खेतों में हो रहीं चोरियां पर अंकुश लगाने को लेकर मांग पत्र नोहर थाना अधिकारी ईश्ववरानन्द को सौंपा और प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र में बढ़ रहे अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगानें की मांग की जिस पर थाना अधिकारी ने आश्वासन दिया कि हम चोरों और नशा बेचने वालों के खिलाफ शक्ति से कार्रवाई करेंगे। इस अवसर पर उपाध्यक्ष गंगाराम बेनीवाल, प्रताप सहारण रायसिंहपुरा, शंकर कड़वासरा, बच्चन सिंह एडवोकेट, राकेश सिहाग एडवोकेट, मुकेश साहू एडवोकेट, विक्रम सिंह एडवोकेट विकास बेनीवाल उपस्थित है।

### सात सूत्री मांगों का ज्ञापन भेजा

**झुंझुनूं ।** गुरुवार को देवसेना के पदाधिकारी ने सात सूत्री मांगों को लेकर कलेक्टर के नाम मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया। देवसेना के प्रदेश सचिव धर्मपाल गुर्जर के नेतृत्व में दिए ज्ञापन में लिखा गया कि गुर्जर समाज के पांच प्रतिशत आरक्षण को राज्य सरकार नई अनुसूची में जल्द डालने, भारतीय सेना में गुर्जर रेजीमेंट खोलने, गुरुकुल योजना में 1500 से अधिक सीट बढ़ाने, देवनारायण योजना का सालाना बजट 1000 करोड़ से अधिक करने, एसबीसी प्रमाण पत्र की तरह एमबीसी प्रमाण पत्र बी जल्द जारी करने, झुंझुनूं में मुख्य जगह स्वर्गीय कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला का स्मारक बनाने, गुर्जर आरक्षण आंदोलन में युवाओं पर लगे मुक़दमे वापस लेने, डंपर चालक बनवारीलाल गुर्जर के साथ मारपीट करने वाले आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की गई है। इस मौके पर देवसेना के प्रदेश सचिव धर्मपाल गुर्जर केसरीपुरा, अखिल भारतीय देवसेना के नीम का थाना जिलाध्यक्ष राजेश खटाना, किशोरपुरा देवसेना के गुढ़ागौड़जी अध्यक्ष सुमेर धाबाई, राजेंद्र खटाना गुर्जर, विकास गुर्जर सहित लोगों ने झुंझुनूं कलेक्टर रामावतार मीना को ज्ञापन सौंपा।

### जरूरतमंद विद्यार्थियों को वितरित

**रतनगढ,( निसं ) ।** वार्ड नं 24 में स्थित गोरीसरिया की ढ़ाणी राजकीय माध्यमिक उच्च नवीन विद्यालय में गंगानगर निवासी किशनलाल खारडीवाल ने शिक्षिका अलका पालावत की प्रेरणा से 40 स्वेटर, विधालय स्टाफ की प्रेरणा से रतनगढ निवासी गोपाल प्रजापति ने 50 स्वेटर जरूरतमंद विद्यार्थियों को वितरित किए। विधालय परिवार द्वारा दानदाताओं का माला दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने इसे पुनीत कार्य बताते हुए कहा कि जरूरतमंद की सेवा ही पुण्य का कार्य है। कार्यक्रम में शिक्षिका वंदना शर्मा,अरुणा जावा,सूरज शर्मा,डूंगरराम प्रजापति, गोपीचंद, प्रदीप प्रजापत, रामनिवास गोदारा, सुनीता ऐचरा, सरिता माटोलिया,देवकीनंदन आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन रामचंद्र ऐचरा ने किया।

### गणतंत्र दिवस पुरस्कार के लिए मांगें आवेदन

**सीकर ।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने बताया कि गणतंत्र दिवस समारोह 2025 (26 जनवरी, 2025) के अवसर पर जिले के अधिकारियों, कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं को उनकी विशिष्ठ सेवाओं एवं विशिष्ठ उल्लेखनीय कार्य करने के उपलक्ष में प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाना है। उन्होंने बताया कि निर्धारित प्रपत्र में वांछित सूचना दो प्रतियों में अपने जिलाधिकारी की टिप्पणी एवं पुलिस द्वारा जारी चरित्र प्रमाण पत्र सहित 20 जनवरी 2025 तक आवश्यक रूप से जिला कलेक्टर कार्यालय में भिजवा सकते है। इस तिथि के पश्चात् प्राप्त होने वाले प्रस्तावों तथा अपूर्ण सूचना भेजने पर किसी प्रकार की कार्यवाही किया जाना संभव नही है।

### रितिका का प्रतियोगिता के लिए चयन

**सीकर ।** एनएच 52 स्थित स्वामी केशवानन्द शिक्षण संस्थान समूह भढाडर सीकर की कक्षा 9 की नियमित अध्ययनरत छात्रा रितिका को 34वीं सबजूनियर कबड्डी स्टेट प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया है। यह प्रतियोगिता 11 जनवरी से कोटा में आयोजित होगी जिसमें संस्थान की छात्रा सीकर जिले से प्रतिनिधित्व करेगी जो संस्थान के लिए बहुत ही गौरव की बात है। इस अवसर पर संस्थान निदेशक रामनिवास ढाका, सहनिदेशक गोपाल सिंह, चैयरमैन सुरेन्द्र सिंह, सीबीएसई प्रधानाचार्य शांति प्रसाद नेगी, आरबीएसई प्रधानाचार्य डॉ. विजेन्द्र सिंह सहित प्रबंधन सदस्यों ने चयनित छात्रा एवं कोच विनोद लम्बोरा को बधाई प्रेषित की।

### कबाड़ी को लगाया साढ़े तीन लाख का चूना

**सीकर ।** शहर में किताबों के पेपर से भरा ट्रक हड़पने का मामला सामने आया है। ट्रक ड्राइवर करीब एक महीने पहले माल लेकर फैक्ट्री के लिए रवाना हुआ था। एक महीना बाद भी अब तक माल फैक्ट्री नहीं पहुंचा। इससे कबाड़ी को साढ़े तीन लाख रुपए से ज्यादा की चपत लग गई। इस पर गोदाम संचालक ने पुलिस में शिकायत दी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस ने बताया कि देवीपुरा कोठी निवासी सजाउद्दीन चौहान ने गोकुलपुरा थाने में रिपोर्ट दी है। इसमें बताया गया है कि उनका बीकानेर बाइपास पर साईं बाबा कांटे के सामने रद्दी का गोदाम है। सात दिसंबर को उन्होंने गोदाम से किताबों के पेपर से भरा ट्रक फैक्ट्री के लिए रवाना किया था। इसमें भरे माल का वजन 18320 किलोग्राम था। इसकी कीमत करीब तीन लाख 60 हजार रुपए थी। माल अभी तक फैक्ट्री नहीं पहुंचा है।

### शैक्षिक महासंघ की बैठक हुई

**झुंझुनूं ।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान उच्च शिक्षा का प्रांतीय अधिवेशन 10 व 11 जनवरी को जोधपुर में होगा। जिसकी तैरियों को लेकर जिला बैठक हुई। संगठन के जिला सचिव डॉ. विकास भड़िया ने बताया कि इस अधिवेशन में बड़ी संख्या में जिले से सहायक आचार्य, सहचार्य, आचार्य, प्राचार्य भाग लेंगे। इस अधिवेशन में विभिन्न इकाइयों द्वारा पारित प्रस्तावों पर, विभिन्न शैक्षिक समस्याओं पर मंथन किया जाएगा। संगठन के जिला उपाध्यक्ष डॉ. शशि प्रकाश अहलावत ने बताया कि इस अधिवेशन में भाग लेने वाले संकाय सदस्यों को विशेष अकादमिक अवकाश देय होगा।

### पौषबड़ा महोत्सव 12 को

**मुकुंदगढ़ ।** निकटवर्ती गांव चूड़ी अजीतगढ़ में श्री ठेलाणा धाम बालाजी मंदिर में भागवत प्रचार सेवा समिति द्वारा प्रकाशित गौ सेवा संकल्प (हमारी संस्कृति-हमारी परम्परा) तिथि दर्शिका कैलेंडर व पौषबड़ा महोत्सव का आयोजन 12 जनवरी रविवार को किया जाएगां संस्था अध्यक्ष पंडित अनिल मुरारी शर्मा ने बताया कि कैलेंडर का विमोचन शाम चार बजे किया जाएगा व श्रीहनुमानजी की प्रतिमा को भोग लगाकर पौष बड़ा महोत्सव भी मनाया जाएगा।

### एकल-सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता हुई

**झुंझुनू ।** सेठ नेतराम मघराज टीबड़ेवाला राजकीय महिला महाविद्यालय झुंझुनूं में खेलकूद एवं सांस्कृतिक सप्ताह के अंतिम दिवस के तहत एकल गायन एवं सामूहिक नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। प्राचार्य डॉ. रामकुमार सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की तथा सांस्कृतिक समिति प्रभारी डॉ. सिद्धि जोशी ने बताया कि एकल गायन में मनोज गर्वा प्रथम, ज्योति द्वितीय तथा निधि एवं नीतू कुलहरि तृतीय स्थान पर रही।

# नीमकाथाना जिला हटाए जाने के विरोध में 10वें दिन भी जारी रही भूख हड़ताल

**पाटन ।** नीमकाथाना जिला हटाए जाने के खिलाफ जारी भूख हड़ताल आज 10वें दिन भी पूरी ताकत से जारी रही। भूख हड़ताल पर आज विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोग शामिल हुए, जिनमें मालाराम जी वर्मा (काचरेड़ा), तुलसाराम जी वर्मा (आगवाड़ी), प्रेम जी जेफ (नयाबास), राजेन्द्र जी यादव (नीम का थाना), जयवीर चौधरी (छावनी) और योगेश कुमार सैन (नयाबास) शामिल थे। नयाबास ग्राम पंचायत और नयाबास ग्रामवासियों ने भी इस भूख हड़ताल का समर्थन करते हुए अतिरिक्त जिला कलेक्टर के कार्यालय तक रैली निकाली और आक्रोश व्यक्त किया। इसके साथ ही, उन्होंने अतिरिक्त जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर भूख हड़ताल पर बैठे लोगों के प्रति समर्थन जाहिर किया।



भूख हड़ताल आज 10वें दिन भी पूरी ताकत से जारी रही।

नीमकाथाना जिला हटाए जाने के खिलाफ धीरे-धीरे राजस्थान सरकार के प्रति लोगों में गहरा आक्रोश बढ़ता जा रहा है और जगह-जगह टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। दुसरी तरफ गांवों और ढाणियों में भाजपा सरकार के खिलाफ नारे लगाए जा रहे हैं, और नीमकाथाना को जिला बनाए रखने के लिए भाजपा सरकार पर दबाव डाला जा रहा है। भूख हड़ताल पर बैठे लोगों को देखकर क्षेत्रवासी जिला बचाओ संघर्ष समिति से जुड़ रहे हैं।

संघर्ष समिति की ओर से आगामी 13 जनवरी को प्रातः 11:00 बजे रामलीला मैदान में एक विशाल महासभा का आयोजन किया जा रहा है। इस महासभा में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की जा रही है। इस महासभा में नीमकाथाना जिला को पुनः बहाल करने के पक्ष में जनमत एकत्रित किया जाएगा।

नीमकाथाना जिला बचाओ संघर्ष समिति की क्रमिक भूख हड़ताल में सरपंच प्रतिनिधि सोनू नयाबास, विक्रम मीणा, राहुल जेफ, अनिल मीणा, अविनाश, अरुण, रवि, नरेन्द्र, सहित नयाबास के ग्रामवासियों ने अपना समर्थन दिया। हम सभी नीमकाथाना वासियों से अनुरोध करते हैं कि वे इस विशाल जनसभा में भाग लेकर नीमकाथाना जिले की पुनः बहाली की मांग में अपना समर्थन दें। क्रमिक भूख हड़ताल और कलेक्ट्रेट के सामने चल रहे अनिश्चितकालीन धरने के दौरान जीएल सोमावत, पूर्व पंचायत समिति सदस्य कैलाश यादव, कृष्ण यादव मांकड़ी, यादव महासभा के महासचिव धर्मपाल यादव, महाराम ढ़िलान, अशोक मीणा, इंदाराम ढ़िलान, मूलचंद, सुरेश खैरवा, मदनलाल सैनी, बलदेव यादव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## बुगाला में धूमधाम से मनाया बावलिया बाबा का निर्वाणोत्सव

**कोलसिया ।** पंडित गणेशनरायण बावलिया बाबा का 112वां निर्वाणोत्सव जन्मस्थली बुगाला में धूमधाम से मनाया गया। आत्माराम शर्मा व सुरेंद्र सोनी ने बताया कि अन्नपूर्णा मंदिर पिपराली धाम महंत अमरदास व ब्रह्मचारी गणेश चैतन्य के सानिध्य में मंगलवार रात्रि को भजन संध्या हुई।

जिसमें सूरजगढ़ के सुनील शर्मा व पार्टी द्वारा भजन पेश किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना से शुरू हुआ।इसके बाद कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजन पेश किए। सुनील शर्मा ने प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी, तेरी हंडिया का गजब कमाल या हंडिया तेरी जादूगारी, क्या खूब लगते हो, बाबा सुंदर दिखते हो, बावलिया कर दो बेड़ा पार, यो बेटो गोरां को, ऋद्धि सिद्धि के दातार, छोटो सो वानर हद करगो, सवामणी का लाडू सारा चट करगो भजनों की प्रस्तुतियां दी। इसके अलावा महंत गणेश चैतन्य ने एक दिन कान्हा शोर मचाए, पेट पकड़ चिल्लाए अरे क्या हो गया है बुगाला बुला रहे हैं बाबा हांडी वाले भजन पेश किए।

कीर्ति बरार ने भी भजन सुनाए। लोगों की फरमाइश पर फिल्म बावलियो पंडित में बाबा की भूमिका निभाने वाले क्षितिज कुमार ने शूटिंग के दौरान यहां बिताए गए समय को साझा करते हुए फ़िल्म के कुछ चमत्कार श्रद्धालुओं को सुनाए। इससे पूर्व आत्माराम शर्मा, भंवरसिंह शेखावत व ओमप्रकाश सोनी ने महंत संतों का शॉल ओढ़ाकर व प्रतीक चिह्न देकर सम्मान किया। अलसुबह महाआरती हुई। बाबा को दाल बड़े व सीरो, सुसवा का भोग लगाकर प्रसाद बांटा गया। चिड़ावा के भक्तों द्वारा डाक कांवड़ यात्रा निकाली गई। वहीं गुढ़ागौड़जी से भक्त निशान लेकर मंदिर पहुंचे।

पुजारी गोपालदास ने पूजा अर्चना कर बाबा को निशान अर्पित किए। इस मौके पर पंडित राजेंद्र शास्त्री, रमाकांत शर्मा, मुरारीलाल शर्मा, पंस ओमप्रकाश बुगालिया, विद्याधर सिंह, सुभाष बुगालिया, रमेश बुगालिया, संतकुमार टेलर, सुरेश शर्मा, नरेंद्र पारीक, सुमित कुमावत, हरिराम कुमावत, घीसाराम सैन, मनीराम कुमावत, कुमावत, प्रमोद शर्मा, शंकरलाल सोनी, मुरलीधर गुप्ता, सुभाष गुप्ता, रवि शर्मा आदि मौजूद रहे। संचालन प्रदीप सोनी व कपिल कुमावत ने किया। पुण्यतिथि समारोह में विशिष्ट अतिथि क्षितिज कुमार, तिरंगा चालीसा का लेखक अशोक हिंदुस्तानी, एडवोकेट मोहन पालीवाल, टीवी एंकर शंकर पारीक, प्रमोद सोनी का प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

## विद्यालय विकास एवं सहयोगी गतिविधियों पर फोकस करें : सुराणा

- जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने किया पीएमश्री राउमावि सीतसर का निरीक्षण, दिए निर्देश

**रतनगढ़,**(निसं) । जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने गुरुवार को जिले के रतनगढ़ ब्लॉक के पीमश्री राउमावि सीतसर का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी और समुचित निर्देश दिए।सुराणा ने कहा कि विद्यालय विकास एवं सहयोगी गतिविधियों पर फोकस करें। उन्होंने विद्यालय में वाटिका का अवलोकन कर कहा कि वाटिका के साथ नक्षत्र वाटिका भी विकसित की जाए। इसी के साथ विद्यालय में रोचक अंदाज में बनाए जा रहे भारत के मानचित्र का अवलोकन कर कहा कि प्रत्येक राज्य के लिए अलग कलर थीम बनाएं एवं प्रत्येक राज्य की राजधानी को इंगित करते हुए तख्ती के साथ पेड़ लगाया जाए।

सुराणा ने कहा कि विद्यालय में बोर्ड कक्षाओं की परीक्षाओं के मध्यनजर पाठ्यक्रम पूरा करवाया जाए तथा नियमित मॉनीटरिंग के साथ बेहतरीन परीक्षा परिणाम के लिए संकल्पित रहें। बच्चों को नियमित रूप से लाइब्रेरी से जोड़े और उन्हें पुस्तकों से जुड़ने के साथ पढ़ने की आदत का विकास करें। इसी के साथ कक्षा-कक्षों में डस्टबिन रखते हुए बच्चों में स्वच्छता को आदत के रूप में विकसित करें।जिला कलक्टर ने विद्यालय में कक्षा-कक्ष, लाइब्रेरी, लैब, विद्यार्थियों की बैठक व्यवस्था, भवन, स्टाफ, खेलकूद सहित शैक्षिणक गतिविधियों का जायजा लिया और समुचित निर्देश दिए। प्रधानाचार्य मोहनलाल डूडी ने व्यवस्थाओं की जानकारी दी। इस दौरान नायब तहसीलदार मुरारीलाल, परमेश्वर लाल भांभू, मनरूप सिंह चौधरी सहित स्टाफ मौजूद रहा।

## कार्यशाला का आयोजन

**तारानगर ।** तारानगर के पंचायत समिति सभागार में उपखंड अधिकारी राजेंद्र कुमार की अध्यक्षता में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय की तरफ से गुरुवार को सडक सुरक्षा माह के अन्तर्गत ब्लॉक के सडक सुरक्षा क्लब प्रभारियो की कार्यशाला का आयोजन किया गया। एसीबीओ भागचंद सोलंकी ने बताया कि उपखण्ड अधिकारी राजेंद्र कुमार ने कार्यशाला में सडक सुरक्षा को लेकर जागरूकता फैलाने एवं यातायात नियमों पर प्रकाश डाला तथा निर्देश दिया कि समस्त राजकीय व निजी विद्यालयो में सडक सुरक्षा क्लब का गठन कर जागरूकता फैलाने में इनकी सक्रिय भुमिका निभाई जावें। सीबीईओ सुमन जाखड ने बताया कि विद्यालयो में मॉक ड्रिल, निबन्ध, पोस्टर, नाटक आदि के माध्यम से सडक सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलावे। एसीबीईओ बाबूलाल बूनकर, यातायात प्रभारी हनुमान प्रसाद ने विचार रखे तथा कार्यशाला का संचालन रामनिवास घेतरवाल ने किया।

## मंत्री खर्रा ने किया टीन शेड का लोकार्पण

- यमुना जल समझौते के तहत क्षेत्र को शुद्ध पेयजल के साथ-साथ सिंचाई का जल भी प्राप्त होगा : राज्य मंत्री खर्रा

**सीकर ।** नगरीय विकास एवं स्वायत शासन राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा, जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह ने गुरुवार को श्रीमाधोपुर के जोरावर नगर में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में भामाशाहों के सहयोग से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में निर्मित टीन शेड का लोकार्पण किया। टीन शेड का निर्माण भामाशाह भवानी सिंह शेखावत द्वारा अपनी धर्मपत्नी कमलेश कंवर की स्मृति में करवाया गया है। समारोह में वीरांगना कविता समोता का सम्मान किया गया।

इस दौरान नगरीय विकास एवं स्वायत शासन राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि अध्यापक कठिन परिश्रम एवं अनुशासन से विद्यार्थियों को शिक्षित एवं संस्कारवान बनाएं, साथ ही अभिभावक भी अपने बच्चों पर निगरानी रखते हुए उन्हें सभ्य नागरिक बनाएं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के प्रयासों से यमुना जल समझौता एवं कुंभाराम लिफ्ट योजना की डीपीआर तैयार हो चुकी है। यमुना जल समझौते के तहत हनुमानगढ़ में रिजर्वायर तैयार किया जाएगा तथा हरियाणा के हथिनी कुंड से तीन भूमिगत पाइप लाइनों के माध्यम से क्षेत्र को शुद्ध पेयजल के साथ-साथ सिंचाई का जल भी प्राप्त होगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि क्षेत्र की सड़कों के पेचवर्क एवं मरम्मत का कार्य जल्द ही किया जाएगा।

कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के विशेषाधिकारी सतीश गुप्ता ने कहा कि राज्य सरकार सरकारी विद्यालयों के कायाकल्प का कार्य लगातार कर रही है। उन्होंने बताया कि सरकार ने वीर बाल दिवस मनाने का संकल्प लिया है। साथ ही शिक्षा विभाग एवं पंचायती राज विभाग के माध्यम से राज्य में बड़े स्तर पर वृक्षारोपण किया गया है। उन्होंने कहा कि जोरावर नगर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में नियमनुसार नामांकन होने पर गणित संकाय स्वीकृत करने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम में भामाशाह भवानी सिंह शेखावत, कविता सामोता, जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन, छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# रामकुमारी शिक्षण संस्थान में विज्ञान और नवाचार का उत्सव

**मुकुंदगढ़, ।** मंडी स्थित रामकुमारी ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्ययूशंस में तीन दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी मेले की शुरूआत हुई। विज्ञान प्रदर्शनी मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर, एडीईओ उम्मेद सिंह महला, सीबीईओ अशोक कुमार शर्मा, रविंद्र सिंह शेखावत, नगरपालिका चेयरमैन मनीष चौधरी, पबाना सरपंच विजेंद्रसिंह डोटासरा, शशिकांत, प्रमेंद्र कुल्हार डाइट, डॉ. महेश इन्द्रा, प्रीतम, पूर्व चेयरमैन सत्यनारायण सैनी, संस्था सचिव रमन कुमार, चेयरपर्सन डॉ. पूनम, उपाध्यक्ष निव्यकरण, डॉ. कैलाशचंद्र, डॉ. दीपक पाराशर, डॉ. टीसी यादव, डॉ. कमलेश साहू, डॉ. रणजीत सिंह, डॉ. किशन, डॉ. सुनिल कुमार, डॉ. अजय कुमार, डॉ. विकास देवठिया, डॉ. कृष्णा, प्रो. मदन सिंह ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर संस्था सचिव रमन कुमार, डॉ. पूनम, निव्यकरण ने बाहर से पधारे सभी अतिथियों का माल्यार्पण व प्रतीक चिह्न देकर स्वागत किया।

कार्यक्रम समन्वयक संजय जांगिड़ ने बताया कि तीन दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी मेले में रामकुमारी महिला पीजी महाविद्यालय की छात्राओं ने 43, डिपार्टमेंट ऑफ एजुकेशन (महिला एवं सह शिक्षा) ने 17, पैरामेडिकल विभाग ने आठ, फॉर्मेसी विभाग ने 10, योगा एंड नैच्युरोपैथी और आयुर्वेद विभाग ने 19, वेटरनरी विभाग के छात्र-छात्राओं ने नॉ मॉडल्स का प्रदर्शन किया तथा कुल 106 क्रियात्मक मॉडल्स का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान बाहर से पधारे सभी अतिथियों एवं विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ द्वारा मॉडल्स एवं प्रोजेक्ट का अवलोकन किया गया। प्रदर्शी मेले में प्रत्येक स्कूल के बच्चों के लिए एक-एक लक्की ड्रॉ निकाला गया। जिसमें विभिन्न प्रकार के पुरस्कार वितरित किए गए। मेले के प्रथम दिन क्षेत्र के 25 सरकारी एवं निजी विद्यालयों के 1000 से अधिक छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ सदस्यों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने कहा कि बच्चों के सर्वांगिण विकास के लिए उनको नवाचार से जोड़ना आवश्यक है। सीबीइओ अशोक शर्मा ने कहा कि तार्किक एवं वैज्ञानिक चिंतन के विकास के लिए बच्चों को पर्याप्त शैक्षिक अवसर प्रदान करने चाहिए। संस्था सचिव रमन कुमार ने बताया कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ बच्चों के मानसिक एवं क्रियात्मक विकास करना ही शिक्षण संस्थान का लक्ष्य है तथा चैयरपर्सन डॉ. पूनम ने कहा कि रामकुमारी शिक्षण संस्थान न केवल मुकुंदगढ़ क्षेत्र के बल्कि विभिन्न जिलों के इच्छुक एवं अध्ययनरत छात्रों के शैक्षिक भविष्य के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। संस्था उपाध्यक्ष निव्यकरण ने बाहर से पधारे अतिथियों, छात्र-छात्राओं और संबंधित अध्यापकों का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर रामकुमारी शिक्षण संस्थान के समस्त स्टाफ ने विभिन्न प्रदर्शनी से सम्बन्धित समितियों के माध्यम से कार्यक्रम के सुचारू क्रियान्वयन में सहयोग प्रदान किया।

## झुंझुनूं में दो दिनों में चाइनीज मांझे पर दो बड़ी कार्रवाई

**नवलगढ़ ।** चाइनीज मांझे के खिलाफ इस बार जिले का प्रशासन कागजी नहीं, बल्कि धरातली कार्रवाई कर रहा है। दो दिनों में भारी संख्या में चाइनीज मांझे को जब्त कर उसे नष्ट किया है। पहले दिन जहां नगरपालिका, पुलिस और प्रशासन ने मिलकर मंडावा में एक मकान में दबिश देकर 1500 से अधिक चाइनीज मांझे की चरखियां जब्त की थी। वहीं गुरूवार को एक और बड़ी कार्रवाई नगरपालिका नवलगढ़ के ईओ नवनीत कुमार के नेतृत्व में कस्बे में की गई। जहां पर 1605 चाइनीज मांझे की चरखियां जब्त कर उन्हें नष्ट करवाया गया। इन दो बड़ी कार्रवाई के बाद पूरे जिले में चाइनीज मांझे का चोरी-छुपे कारोबार करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है। ईओ नवनीत कुमार ने बताया कि जिला कलेक्टर के निर्देश पर कस्बे के रूप निवास कोठ रोड के पास बिसायती मोहल्ला के सद्दाम मणियार पुत्र बाबूलाल मणियार के मकान पर मुखबिर की सूचना पर छापा मारा गया। छापे के वक्त मकान के ताले लगे हुए थे। लेकिन नगरपालिका की टीम ने बिना कोई रियायत बरतते हुए तीन ताले तोड़कर एक कमरे में रखी गई 1605 चाइनीज मांझे की चरखियां जब्त की। इसके बाद जेसीबी से धागे और चरखियों को नष्ट करवाया गया। ईओ ने बताया कि कार्रवाई में सहायक अग्निशमन अधिकारी कंवरपाल सिंह, जेईएन नितेश कुमार, वरिष्ठ प्रारूपकार प्रदीप सैनी, फायरमैन अंजू महला, फायरमैन ग्यारसी देवी एवं सहायक दिनेश कुमार सैनी एवं पुलिस टीम मौजूद रही। उन्होंने बताया कि नगर पालिका की टीम नियमानुसार कार्रवाई करते हुए प्रतिबंधित चाइनीज मांझा रखने पर मामला दर्ज करवाया जाएगा।

## जेजूसर स्कूल में विद्यार्थियों को पहनाए स्वेटर

**मुकुंदगढ़, ।** शहीद रामनिवास सोहू राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जेजूसर में गुरुवार को गर्म स्वेटर वितरण समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय कुमार सोमरा ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि अशोक शर्मा सीबीईओ नवलगढ़ तथा अशोक सैनी आरपी नवलगढ़ थे। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ की ओर से एक लाख रुपए की राशि से विद्यालय के सभी 190 छात्र-छात्राओं को जैकेट वितरित की गई। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि तीजा देवी उप सरपंच, नेमीचंद सोहू, नेमीचंद सूबेदार, बाबूलाल बोयल, जगदीश एचरा, जयप्रकाश खीचड़, अरुण एचरा, हरलाल कुमावत, कैप्टन रामचंद्र आर्य, प्रभुदयाल सोहू, मुकेश जांगिड़, नवरंग सिंह, उप प्राचार्य सुमित सैनी, इंद्रजीत कपूरिया, रुपेश शर्मा, मनोज सैनी, रीना, राहुल, रामनिवास, कविता शर्मा, कमलकांत जोशी, राजेश मील, दिनेश कुमार, रजनीश, सुनिता, सुमन, रामचंद्र, योगेश, मनेषा, विजय, दिनेश, जुगल किशोर आदि उपस्थित थे। सीबीईओ ने ग्रामीण जनों का आभार व्यक्त किया। मंच संचालन व्याख्याता हेमराज छापोला ने किया।

# स्वामी गोपाल दास की पहल पर हुए अभूतपूर्व और कालजयी काम: सुराणा

- चूरू के महान समाज सुधारक स्वामी गोपाल दास की 86वीं पुण्यतिथि पर हुआ कार्यक्रम
- शिक्षा व समाज सेवा में उत्कृष्ट कार्य के लिए समाजसेवी बनवारीलाल सोती स्वामी गोपाल दास पुरस्कार से हुए सम्मानित

**चूरू ।** चूरू में जन जागृति के जन्मदाता, महान स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक, सर्वहितकारिणी सभा व पुत्री पाठशाला व कबीर पाठशाला जैसे प्रकल्पों के संस्थापक स्वामी गोपाल दास की 86वीं पुण्यतिथि पर कृतज्ञ समाज की ओर से उन्हें याद किया गया। स्वामी गोपालदास चौक में आयोजित कार्यक्रम में उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में शिक्षा एवं समाज सेवा में उल्लेखनीय योगदान के लिए भामाशाह बनवारीलाल सोती को स्वामी गोपाल दास पुरस्कार-2025 प्रदान किया गया, जो उनके परिजन फतेहचंद सोती ने ग्रहण किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि स्वामी गोपाल दास द्वारा स्थापित सर्वहितकारिणी सभा के माध्यम से समाज चेतना के साथ-साथ चूरू के विकास के लिए अभूतपूर्व काम हुआ, यह अपने आप में उल्लेखनीय कार्य है। स्वामी गोपाल दास के जीवन और उनके आदर्शों से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए और उनके कदमों पर चलने का प्रयास करना चाहिए। सर्वहितकारिणी सभा के माध्यम से आजादी से पहले और उसके बाद चूरू के विकास का जो काम हुआ है, वह बहुत ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने समाजसेवी बनवारीलाल सोती के चूरू में योगदान की सराहना करते हुए कहा कि हम सभी को चूरू के प्रवासियों को यहां से जोड़ने की दिशा में प्रयास करना चाहिए। चूरू के विष्वसनीय और गणमान्य लोग यदि इस प्रकार की पहल करें तो प्रवासी जुड़ सकते हैं, क्योंकि प्रवासियों को बस यह आष्वस्ति चाहिए कि उनके पैसे का समाज के हित में सदुपयोग होगा। प्रवासियों को मातृभूमि से कैसे जोड़ें, यह हमें प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव डॉ. शरद कुमार व्यास ने स्वामी गोपाल दास के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को प्रेरणास्पद बताया और कहा कि चूरू के लोगों के जीवन में बहुत आपाधापी नहीं है। यहां के लोग कला, साहित्य, संगीत, में रुचि रखते हैं। एडीपीआर कुमार अजय ने कहा कि स्वामी गोपाल दास ने अंतिम छोर के व्यक्ति को अपना लक्ष्य बनाकर काम किया और यह प्रयास किया कि शिक्षा और विकास का उजियारा हर बस्ती, हर व्यक्ति तक पहुंचे। उप जिला प्रमुख महेंद्र न्यौल ने कहा कि स्वामी गोपालदास जैसे महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेने की आवष्यकता है। प्रधान दीपचंद राहड़ ने स्वामी गोपालदास द्वारा जनहित के लिए सर्वहितकारिणी सभा के माध्यम से किए गए कार्यों को कालजयी बताया और कहा कि स्वामी गोपालदास दूरदृष्टा महापुरुष थे। शिक्षाविद प्रो. कमल कोठारी ने कहा कि सकारात्मक सोच के साथ समाज के लिए बेहतर काम करने वाले व्यक्तियों को पुरस्कृत करना और स्वामी गोपालदास जैसे महापुरुषों को याद करना गौरव की बात है। प्रो. कोठारी ने बनवारी लाल सोती का जीवन परिचय प्रस्तुत करते हुए उन्हें विकास पुरुष बताया और कहा कि बचपन में ही माता और पिता का साया सिर से उठ जाने के बावजूद बनवारीलाल सोती ने अपनी मेहनत व लगन से अपना एक व्यक्तित्व, एक मुकाम बनाया और समाज को लौटाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य ओम सारस्वत ने स्वामी गोपालदास के व्यक्तित्व-कृतित्व पर चर्चा करते हुए कहा कि इस तरह के व्यक्तित्व समाज की दशा-दिशा बदल देते हैं। शिक्षाविद एलएन आर्य ने स्वामी गोपालदास के कालजयी कार्यों का उल्लेख किया और उनके व्यक्तित्व-कृतित्व की जानकारी दी।



स्वामी गोपाल दास की 86वीं पुण्यतिथि पर कृतज्ञ समाज की ओर से उन्हें याद किया गया।

